# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
# दिल्ली

**28.02.2014**

## <u>प्रेस नोट</u>

### पूर्व परीक्षा की मुख्य बातें -2014

**<u>परीक्षा-2014 का आयोजन</u>**

| | |
|---|---|
| परीक्षा की तिथि बारहवीं कक्षा | 01.03.2014 से 17.04.2014 |
| परीक्षा की तिथि दसवीं कक्षा | 01.03.2014 से 19.03.2014 (योजना-II) |
| | 10.03.2014 से 31.03.2014 (योजना-I) |

**<u>पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या:</u>**

| परीक्षा | वर्ग | 2013 | 2014 | % वृद्धि |
|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक विद्यालय परीक्षा दसवीं कक्षा | लड़के | 748720 | 793940 | 6.04 |
| | लड़कियां | 510482 | 535030 | 4.81 |
| | **कुल** | **1259202** | **1328970** | **5.54** |
| सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा बारहवीं कक्षा | लड़के | 554674 | 603064 | 8.72 |
| | लड़कियां | 387361 | 426810 | 10.18 |
| | **कुल** | **942035** | **1029874** | **9.32** |

**<u>विशेष श्रेणियों में उम्मीदवारों की कुल संख्या (सभी क्षेत्र)</u>**

| | | 2013 | 2014 |
|---|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 394 | 452 |
| | डिस्लेक्सिक्स | 648 | 788 |
| | बहरा/ गूंगा | 220 | 232 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 1555 | 1527 |
| | स्पस्टिक्स | 234 | 161 |
| | औटिस्टिक | | 20 |
| | **कुल उम्मीदवार** | **3051** | **3180** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बारहवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 328 | 388 |
| | डिस्लेक्सिक्स | 395 | 452 |
| | बहरा/ गूंगा | 106 | 167 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 1406 | 1308 |
| | स्पस्टिक्स | 183 | 128 |
| | औटिस्टिक | | 10 |
| | **कुल उम्मीदवार** | **2418** | **2453** |

**<u>स्कूलों और केंद्रों की कुल संख्या</u>**

| | | **2013** | **2014** |
|---|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | स्कूलों की संख्या | 11863 | 12871 |
| | केंद्रों की संख्या | 2992 | 3253 |
| **बारहवीं कक्षा** | स्कूलों की संख्या | 7917 | 8602 |
| | केंद्रों की संख्या | | 3039 |

**<u>दिल्ली में पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या</u>**

**स्थानीय**

| | **2013** | **2014** |
|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | 318536 | 300543 |
| **बारहवीं कक्षा** | 260882 | 291414 |

**दिल्ली-सरकारी /सरकारी सहायता प्राप्त**

| | | |
|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | 220425 | 201066 |
| **बारहवीं कक्षा** | 171902 | 186722 |

**विदेशी**

| | | |
|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | 17551 | 19202 |
| **बारहवीं कक्षा** | 11119 | 12210 |

**<u>दिल्ली में परीक्षा केन्द्रों की संख्या</u>**

**स्थानीय**

| | **2013** | **2014** |
|---|---|---|
| **दसवीं** | 560 | 605 |
| **बारहवीं** | 564 | 605 |

**विदेशी**

| | | |
|---|---|---|
| **दसवीं** | 61 | 66 |
| **बारहवीं** | 58 | 58 |

**<u>ब्लाइंड उम्मीदवारों के लिए केन्द्रों की संख्या</u>**

| | | |
|---|---|---|
| **दसवीं** | 6 | 8 |
| **बारहवीं** | 8 | 8 |

**<u>दिल्ली क्षेत्र में विशेष श्रेणियों में उम्मीदवारों की संख्या</u>**

**स्थानीय**

| | | **2013** | **2014** |
|---|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 321 | 370 |
| | डिस्लेक्सिक्स | 172 | 221 |
| | बहरा/ गूंगा | 126 | 139 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 608 | 477 |
| | स्पस्टिक्स | 59 | 36 |
| | औटिस्टिक | 0 | 5 |
| | **कुल उम्मीदवार** | 1286 | 1248 |
| **बारहवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 247 | 319 |
| | डिस्लेक्सिक्स | 104 | 129 |
| | बहरा/ गूंगा | 56 | 121 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 500 | 547 |
| | स्पस्टिक्स | 62 | 59 |
| | औटिस्टिक | 3 | 6 |
| | **कुल उम्मीदवार** | **972** | **1181** |

**विदेशी**

| | | **2013** | **2014** |
|---|---|---|---|
| **दसवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 1 | 1 |
| | डिस्लेक्सिक्स | 11 | 10 |
| | बहरा/ गूंगा | 2 | 2 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 9 | 10 |
| | स्पस्टिक्स | 1 | 1 |
| | औटिस्टिक | 0 | 0 |
| | **कुल उम्मीदवार** | **24** | **24** |
| **बारहवीं कक्षा** | दृष्टि बाधित | 1 | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | डिस्लेक्सिक्स | 7 | 14 |
| | बहरा/ गूंगा | 2 | 4 |
| | शारीरिक रूप से विकलांग | 11 | 5 |
| | स्पस्टिक्स | 5 | 1 |
| | औटिस्टिक | | 0 |
| | **कुल उम्मीदवार** | **26** | **26** |

**2014 परीक्षाओं के संबध में महतवपूर्ण सूचना**

- इस वर्ष सीबीएसई ने स्कूलों को कक्षा दसवीं/बारहवीं परीक्षा 2014 में बैठने वाले उम्मीदवारों की अनुक्रमांक वार सूची ऑनलाइन जनरेट करने की सुविधा आरंभ की है। स्कूलों ने भी 2014 में बैठने वाले अपने नियमित छात्रों के लिए प्रवेश पत्र ऑनलाइन जनरेट किए हैं।

- **पूरक (कक्षा XII) और निषपादन में सुधार के लिए अवसरों की संख्या**

क) कक्षा बारहवीं के लिए पूरक हेतु अवसरों की संख्या **तीन** हैं।

ख) कक्षा दसवीं के लिए निष्पादन के सुधार के लिए प्रयासों की संख्या **एक** है। उम्मीदवार उसी वर्ष मार्च में आयोजित मुख्य परीक्षा के लिए दिए गए विकल्प अनुसार जुलाई में बोर्ड/स्कूल द्वारा आयोजित किए जाने वाले निष्पादन में सुधार प्रयास के लिए शामिल होंगे।

**तथापि, जो उम्मीदवार 2012 परीक्षा अथवा पहले शामिल हुए हैं और पूरक/ निष्पादन के सुधार के लिए पात्र श्रेणी में रखे गए हों, पांच अवसर प्राप्त करेंगे।**

- कक्षा दसवीं और बारहवीं IIके लिए सभी प्रमुख विषयों में 3 - 5 अंकों तक **मुल्य आधारित प्रश्नों** की शुरूआत। बोर्ड ने मूल्य शिक्षा में अंतर्विषयक दृष्टिकोण का अनुसरण करने का निर्णय किया है जहां मूल्य कक्षा दसवीं से बारहवीं में सभी प्रमुख विषयों के सार के साथ परस्पर मिश्रित है। प्रश्न सारांश पर आधारित होंगे और प्रकट मूल्यों के आधार पर विश्लेषण किया जाएगा।

- अंग्रेजी (कम्यूनिकेटिव) अंग्रेजी (कोर), अंग्रेजी (फंकशनल), हिंदी (वैकल्पिक), हिंदी (कोर) गणित, जीव विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, लेखा विधि, इतिहास भूगोल, व्यापार अध्ययन, उद्यमशीलता और अर्थशास्त्र विषय में मूल्य आधारित नमूना प्रश्नों के साथ संशोधित पाठ्यक्रम- 2014 और एसक्यूपी का मार्च 2014 कक्षा बारहवीं के लिए प्रयोग किया जाएगा जो परिपत्र सं. एकेड- 74/2013 द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

- उसी प्रकार, हिंदी (ए), हिंदी (बी) अंग्रेजी (कम्यूनिकेटिव), अंग्रेजी (भाषा एवं साहित्य), गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और कम्यूनिकेटिव संस्कृत विषयों में मूल्य आधारित प्रश्न सहित नमूना प्रश्न, आकलन की रूपरेखा, संशोधित पाठ्यक्रम- 2014 समेटिव एसेसमेंट 11 मार्च 2014 कक्षा X के लिए प्रयोग किए जाएंगें जो परिपत्र सं. 73/2013 द्वारा उपलब्ध कराए गए थे।

**कक्षा बारहवीं**

- इतिहास विषय में बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन किए जाने वाले 20 अंकों के परियोजना कार्य की शुरूआत।

**कक्षा दसवीं**

- **कक्षा 2014 परीक्षा के लिए सतत एवं व्यापक मूल्यांकन (सीसीई) की योजना**

**1** योजना 1 - बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र जो कक्षा दसवीं के बाद सीबीएसई प्रणाली से बाहर जाने के इच्छुक नही हैं, के लिए माध्यमिक (कक्षा दसवीं) स्तर पर बोर्ड परीक्षा नहीं होगी।

प्रत्येक विद्यालय, सहोदय कलस्टर अथवा नगर कक्षा नोवीं और ग्यारहवीं विद्यालय आधारित परीक्षा ले लिए अपनी डेटशीट बना सकते हैं।

बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्र और अंक योजना की आपूर्ति और विद्यालय द्वारा एसए-2 के आयोजन की सारणी :

| **ऑनलाइन प्रश्न पत्र की आपूर्ति** | **परीक्षा का आयोजन** | **ऑनलाइन अंकन योजना की आपूर्ति** |
|---|---|---|
| 30 मार्च 2014 से | 10 मार्च से | 17 मार्च 2014 से |

**II 2** योजना- 2 बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के छात्र जो कक्षा दसवीं(प्री-यूनिवर्सिटी व्यावसायिक कोर्स बोर्ड परिवर्तन आदि) के बाद सीबीएसई प्रणाली से बाहर जाना चाहते हैं उनको माध्यमिक स्तर पर बोर्ड की बाह्य परीक्षा देनी अपेक्षित है।

- प्रश्न पत्र और अंकन योजना सीबीएसई द्वारा तैयार की जाएगी और मूल्यांकन बोर्ड द्वारा बाहरी परीक्षकों द्वारा कराया जाएगा।
- योजना- 2 के लिए परीक्षा 1 मार्च 2014 से आरम्भ होगी और 19 मार्च 2014 को समाप्त होगी ।
- सत्र-2 IIकी अंतिम परीक्षा में, प्रश्न पत्र सत्र-2 पर आधारित होंगे और कक्षा दसवीं के पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित नहीं होंगे। कक्षा दसवीं के लिए प्रश्न पत्र नमूना प्रश्न पत्र के अनुसार होंगे। दोनों प्रकार के पेपरों (बोर्ड/ विद्यालय आधारित) के लिए सार क्षेत्र (कवरेज) समरूप होगा।

- बोर्ड ने समेटिव एसेंसमेंट के लिए कक्षा नवीं और दसवीं (योजना -1) के लिए प्रश्न-पत्र **इंटेग्रेटिड टेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस)** के माध्यम से ऑनलाइन भेजने का निर्णय लिया है। प्रत्येक विद्यालय को विद्यालय का नाम, यूजर नाम और पासर्वड और पूर्ण पंजीकरण सहित सीबीएसई की वेबसाइट के माध्यम से रजिस्टर कराना है।

- बोर्ड द्वारा एकसमान प्रमाण पत्र सभी अभ्यर्थियों को जारी किए जाएगें चाहे वे योजना - 2 अथवा योजना -1 (विद्यालय आधारित) समेटिव एसेसमेंट -2 में शामिल हुए हों।

- विद्यालयों को कक्षा नवीं फॉरमेटिव एवं समेटिव तथा कक्षा दसवीं फॉरमेटिव एवं समेटिव का एसेसमेंट अपलोड करने के लिए कहा गया है जिसके लिए बोर्ड द्वारा डाउनलोड किये जाने वाला सोफ्टवेयर उपलब्ध कराया गया है।

- बोर्ड कक्षा Xदसवीं के दोनों प्रकार के अभ्यर्थियों का परिणाम पहले की तरह गई, 2014 में घोषित करेगा।

- **<u>सतत और व्यापक मूल्यांकन (सीसीई)</u>**

  सीसीई योजना को सभी सीबीएसई संबद्ध स्कूलों में माध्यमिक स्तर तक के छात्रों के लिए लागू किया गया है, जो बोर्ड का एक प्रमुख कार्यक्रम है। सीसीई कक्षाओं में अनुभवात्मक अधिगम के माध्यम से वैचारिक स्पष्टीकरण की परिकल्पना करता है क्योंकि तनाव से निपटने के लिए जीवन कौशल, दृष्टिकोण, रचनात्मक और महत्वपूर्ण सोच, सामाजिक कौशल और कौशल के विकास के साथ-साथ दोनों शैक्षिक और सह शैक्षिक क्षेत्रों पर फोकस रखा गया है। योजना के अनुसार, कक्षा नौवीं और दसवीं में मूल्यांकन के लिए चार प्रारंभिक आकलन (एफए) और दो योगात्मक आकलन (एसए) को ध्यान में रखा जाता है। एक भाषा (अंग्रेजी / हिंदी), विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों में एफए 4 को पीएसए (समस्या समाधान आकलन) द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है।

  **प्रत्येक एकेडमिक वर्ष को दो सत्रों में विभाजित किया गया है:** प्रथम सत्रः एफए 1 (10%)+एफए 2 (10%)+एसए1 (30%) = 50% और दूसरा सत्रः एफए 3 (10%)+ एफए 4/पीएसए (10%)+ एसए 2 (30%) = 50%

  **समस्त आकलन में तीन भाग शामिल हैः**

  <u>भाग I</u>: शैक्षिक क्षेत्र; <u>भाग II</u>: सह-शैक्षिक क्षेत्र जैसे कि जीवन कौशल, कार्य शिक्षा, दृश्य एवं अभिनय कलाएं, दृष्टिकोण और मूल्य; <u>भाग III</u>: सह-शैक्षिक गतिविधियां जैसे कि साहित्यिक एवं सृजनात्मक कौशल, वैज्ञानिक कौशल, सूचना एवं प्रोद्यौगिकी, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल, स्वास्थ्य एवं शारीरिक गतिविधियां, खेल आदि।

**आकलन दो स्कीमों के तहत किया जाता है।**

**स्कीम 1**- बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में पढ़ रहे छात्र जो दसवीं कक्षा के बाद सीबीएसई सिस्टम से बाहर नहीं जाना चाहते, उनके लिए सेकेंडरी (कक्षा दसवीं) स्तर पर बोर्ड की परीक्षा नहीं है।

**स्कीम 2**- बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के वे छात्र, जो दसवीं कक्षा के बाद (प्री यूनिवर्सटी, व्यावसायिक कोर्स, बोर्ड में परिवर्तन आदि के कारण) सीबीएसई सिस्टम से बाहर जाना चाहते हैं उनको सेकेंडरी स्तर (दसवीं कक्षा) पर बोर्ड की बाहरी परीक्षा देनी है ।

- **<u>समस्या समाधान आकलन (पीएसए)</u>** का आयोजन बोर्ड द्वारा दी गई जीवन परिस्थितियों का विश्लेषण करने, लिखित पाठ और अन्य आवश्यक उच्च क्रम चिंतन कौशल की व्याख्या करने और समझने के लिए छात्र की क्षमताओं का मूल्यांकन करने के प्रयोजन से 18 जनवरी, 2014 किया गया था।

- **<u>खुला पाठ के आधार पर मूल्यांकन</u>**

  बोर्ड सिफारिश करता है कि शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत शक्तियों की विभिन्न क्षमताओं को पूरा करने के लिए मूल्यांकन के विभिन्न साधन उपलब्ध कराए जाने की अवश्यकता है। याद करने से बचने के लिए कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के लिए खुला पाठ आधारित मूल्यांकन का एक तत्व पेश करने का निर्णय लिया गया है अर्थात विश्लेषणात्मक और सैद्धांतिक कौशल को शामिल करना।

**मार्च 2014**

i) **नोवीं कक्षा (एसए–II) के लिए खुला पाठ आधारित मूल्यांकन -सभी विषय**

ii) **ग्यारहवीं कक्षा अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान और भूगोल (वार्षिक परीक्षा)**

- स्कूलों को नौवीं कक्षा योगात्मक आकलन II और कक्षा ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने से पहले पाठ्य सामग्री भेज दी गई है।
- पाठ्य सामग्री अवधारणाओं पर आधारित एक लेख, एक केस अध्ययन, एक चित्र, एक अवधारणा/माइंड मैप , एक तस्वीर या एक कार्टून, समस्या/स्थिति के रूप में है जो छात्रों को दूसरे सत्र (नौवीं कक्षा) और सत्र के दौरान (ग्यारहवीं कक्षा) सिखाया है संकल्पना पर आधारित है ।
- यह ग्यारहवीं कक्षा में अर्थशास्त्र, जीव विज्ञान, भूगोल और सभी मुख्य विषयों (नौवीं कक्षा) में 15-20 प्रतिशत की सीमा तक हो जाएगा और मूल्य आधारित प्रश्न शामिल हो सकते हैं।
- पाठ्य सामग्री पाठ्यक्रम से ली गई चुनी हुई अवधारणाओं से संबंधित है।
- खुला पाठ आधारित आकलन (OTBA) में उच्च क्रम चिंतन कौशल प्रश्न शामिल होंगे , जिनमें से कुछ व्यक्तिपरक, रचनात्मक हो सकते हैं।
- पूर्व में भेजी गई पाठ्य सामग्री को प्रश्न-पत्र के भाग के रूप में शामिल किया जाएगा और प्रश्नों का उत्तर देते समय उपलब्ध रहेगी।

- **<u>वाक और श्रवण कौशल का आकलन(एएसएल)</u>**

  सीबीएसई ने वाक और श्रवण कौशल के आकलन में 10% वेटेज प्रारम्भिक और योगात्मक आकलन में देने का फैसला किया है। इसलिए वाक और श्रवण कौशल का आकलन औपचारिक रूप से योगात्मक आकलन-II में सत्रांत परीक्षा में किया जाएगा । सीबीएसई द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार स्कूल खुद एएसएल का संचालन कर सकते हैं। तथापि, इन कौशल का आकलन भी दो सत्रों में फैले प्रारंभिक गतिविधियों के तहत किया जा सकता है।

- **<u>राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा योग्यता फ्रेमवर्क (NVEQF) - अब राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) के रूप में जाना जाता है</u>**

  जनादेश के अनुसार, सीबीएसई ने सत्र 2012-13 से नौवीं कक्षा से आगे चार व्यावसायिक विषय

अर्थात् खुदरा, ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी और सुरक्षा चुनिंदा स्कूलों में शुरू किए हैं। जिसमें, इन व्यावसायिक विषयों को नौवीं और दसवीं कक्षा में एक अनिवार्य छठे विषय के रूप में या अतिरिक्त वैकल्पिक विषय के रूप में पेशकश करने की परिकल्पना की गई थी। दसवीं कक्षा का प्रथम बैच 2014 की परीक्षाओं में शामिल होगा।

व्यावसायिक विषय को एक अनिवार्य छठे विषय के रूप में चुनने वाले स्कूल गणित, विज्ञान, हिंदी और सामाजिक विज्ञान के मुख्य विषयों के लिए युक्तिसंगत पाठ्यक्रम का अनुसरण करेंगे और उनका मूल्यांकन सीसीई के मानदंडों के अनुसार ही किया जाएगा। इसी तरह, सभी चार व्यावसायिक विषयों के लिए मूल्यांकन सीसीई मानदंडों के अनुसार ही किया जाएगा केवल योगात्मक आकलन-I और एसए–II की स्थिति में सिद्धांत और प्रयोगात्मक के बीच अंकों का वितरण 30:60 है।

सेक्टर कौशल परिषद के साथ संयुक्त प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए संबंधित सेक्टर कौशल परिषद (उद्योगों के निकाय) द्वारा नामित विशेषज्ञों द्वारा कौशल का आकलन करने का प्रावधान भी किया गया है।

- **<u>सीबीएसई टेली परामर्श</u>**

भारत में और बाहर स्थित सीबीएसई संबद्ध स्कूलों से प्रशिक्षित परामर्शदाताओं और प्रधानाध्यापकों द्वारा पेश की गई है । यह स्वैच्छिक है, प्रतिभागियों द्वारा प्रदान की गई नि:शुल्क सेवा है ।

इस साल सीबीएसई से संबद्ध सरकारी और निजी स्कूलों से **59** प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षित परामर्शदाता और कुछ मनोवैज्ञानिक टेली परामर्श में भाग लेंगे और छात्रों की परीक्षा से संबंधित मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान करेंगे। उनमें से **49** भारत में उपलब्ध हैं जबकि **10** नेपाल सऊदी अरब (अल खोबर, रियाद), जापान, संयुक्त अरब अमीरात (दुबई, शारजाह, रास अल दुबई) और कुवैत में स्थित हैं।

**<u>भारत में केन्द्रीकृत टोल फ्री</u>**

**छात्र देश के किसी भी हिस्से से एक टोल फ्री नंबर 1800 11 8004 पर डायल कर सकते हैं** जो सीबीएसई हेल्पलाइन को केंद्रीकृत पहुँच देता है । जबकि सामान्य प्रश्नों के जवाब ऑपरेटरों द्वारा दिए जाते हैं, परीक्षा संबंधी चिंता या तनाव के मामले में छात्रों को प्रिंसिपलों या सलाहकारों से संपर्क कराया जाता है ।

**<u>विशिष्ट रूप से सक्षम बच्चों के लिए काउंसिलिंग</u>**

पांचवें वर्ष के लिए सीबीएसई ने विशेष बच्चों की जरूरतों और चिंता का ध्यान रखते हुए **विशिष्ट रूप से सक्षम बच्चों** के लिए परामर्श प्रदान करने की व्यवस्था की गई है।

**<u>प्रश्न-उत्तर कॉलम:</u>**

सीबीएसई विशेषज्ञ फरवरी के महीने के दौरान राष्ट्रीय समाचार पत्रों जैसे हिंदुस्तान टाइम्स एचटी मेन और हिंदुस्तान टाइम्स होराइजन (एडुकेशन) सहित, मलयालम मनोरमा और अमर उजाला में प्रकाशित साप्ताहिक प्रश्न-उत्तर कॉलम के माध्यम से छात्रों के प्रश्नों का जवाब देते हैं।

**<u>ऑन लाइन काउंसिलिंग:</u>**

जनता भी सीबीएसई की वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकती है और अध्यक्ष के साथ परीक्षा से संबंधित मुद्दों पर बातचीत कर सकते हैं। प्रोफेसर और निदेशक (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार) और परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई से भी ऑन लाइन काउंसलिंग के लिए: irectoracad.cbse@nic.in, **mcsharma2007@rediffmail.com** पर संपर्क किया जा सकता है ।

**<u>सीबीएसई वेबसाइट:</u>**

परीक्षा से संबंधित चिंता का सामना करने के लिए परीक्षाओं और तकनीकों से संबंधित जानकारी सीबीएसई की वेबसाइट **www.cbse.nic.in**

- **<u>परीक्षाओं के निर्बाध संचालन हेतु तैयारियां</u>**

(i) मोहरबंद प्रश्न पत्र पैकेट कम से कम चार सहायक अधीक्षकों की उपस्थिति में खोले जाएंगे जिनमें से एक **परीक्षा केन्द्र के अलग किसी अन्य विद्यालय से एक गवाह के रूप में होगा।**

(ii) केन्द्र सामग्री सभी परीक्षा केन्द्रों को प्रेषित कर दी गई है।

(iii) प्रवेश पत्र सभी विद्यालयों द्वारा डाउनलोड कर लिए गए हैं।

(iv) दिल्ली और बाहर के संवेदनशील केन्द्रों में पूर्णकालिक पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है।

(v) पूरे देश में निर्बाध परीक्षाएं सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड ने राज्य तंत्र, स्थानीय पुलिस के साथ व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है।

(vi) प्रश्न पत्र रखने के स्थान और परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र अधीक्षक को स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों से संपर्क करने के लिए कहा गया है। राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से प्रश्न पत्र की अभिरक्षा के स्थान तथा परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

(vii) प्रतिरूपण अथवा किसी अन्य अनुचित साधन के संभव प्रयोग को रोकने के लिए प्राइवेट अभ्यर्थियों के स्केन किए गए फोटोग्राफ प्रवेश पत्रों पर उपलब्ध कराए गए हैं।

(viii) सीबीएसई ने आकस्मिक जांच के लिए 3 स्तरीय व्यवस्था की है।

क) सीबीएसई उड़न दस्ता।

ख) शिक्षा निदेशालय, दिल्ली से उड़न दस्ता।

ग) बाहर से विशेष पर्यवेक्षक

(ix) इस वर्ष भी कक्षा XII के लिए प्रायोगिक परीक्षा के संचालन के निरीक्षण हेतु पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं।

(x) **<u>मुख्य नोडल प्रायोगिक परीक्षकों</u>** की नियुक्ति इस वर्ष भी कक्षा XII की प्रायोगिक परीक्षा के उचित संचालन का अनुवीक्षण करने के लिए की गई है।

(xi) **<u>जिला स्तरीय समितियों</u>** का गठन परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण करने के लिए पर्याप्त अवसंरचना वाले विद्यालयों का सुझाव देने के लिए किया गया है। इससे दिल्ली से बाहर परीक्षाओं का निर्बाध संचालन करने में सुविधा होगी।

- **<u>दिल्ली क्षेत्र से बैठने वाले प्राइवेट अभ्यर्थियों के लिए</u>**

कक्षा X एवं XII परीक्षा 2014 के लिए शामिल होने वाले सभी प्राइवेट अभ्यर्थियों को सूचना पत्र भेज दिए गए हैं। प्राइवेट अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र उनके सूचना पत्र में दर्शाए गए परीक्षा केन्द्र से ले सकते हैं। यदि सूचना पत्र प्राप्त नहीं होता है, इसे सीबीएसई वेबसाइट www.cbse.nic.in से प्रिंट किया जा सकता है और इसे परीक्षा केन्द्र पर प्रस्तुत करके अपना प्रवेश पत्र लिया जा सकता है ।

पर **हेल्पलाइन** आइकन द्वारा भी उपलब्ध कराई गई है

- **<u>पर्यवेक्षण सारणीयां</u> :** प्रश्न पत्रों के अच्छे परिणाम और संबंधित छात्रों की संगत शिकायतों के निपटान हेतु सभी विद्यालयों के प्रचार्यों को पर्यवेक्षण सारणीयां भेजी गई जिससे वे बोर्ड द्वारा आयोजित संबंधित विषय की परीक्षा के आयोजन के 24 घंटे के भीतर अपने सुझाव दर्ज कर अग्रेषित कर सकें ताकि अंकन-योजनाएं तैयार करते समय विशेषज्ञों द्वारा उन पर विचार किया जा सके।

- **<u>अनिवार्य मूल्यांकन</u>**: मूल्यांकन कार्य के लिए चयनित अध्यापकों को नियत तिथि एवं समय पर रिपोर्ट करना है ऐसा ना करने पर उनके वार्षिक रिकार्ड में उल्लेख किया जाएगा । किसी विद्यालय द्वारा अध्यापकों को मुक्त न किए जाने पर दोषी संस्थान का परिणाम रोका जा सकता है । बोर्ड असंबद्धता की कार्यवाही आरम्भ करने के लिए भी विचार कर सकता है । तथापि, इच्छुक और प्रभावी सहयोग देने वालों के व्यक्तिगत रिकार्ड में भी उल्लेख किया जाएगा ।

- इस वर्ष से, बोर्ड की सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट (कक्षा बारहवीं) परीक्षा 2014 में अंग्रेजी, हिंदी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, राजनीति विज्ञानऔर अर्थशास्त्र के विषयों में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को प्रश्नों की एक सीमित संख्या का पुन:मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड विचार कर रहा है । पुन:मूल्यांकन के लिए उपलब्ध प्रति विषय के की प्रश्नों संख्या की

सूचना बाद में दी जाएगी । यह अंकों/ग्रेड के सत्यापन और मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के प्रावधान के अतिरिक्त होगा। यह सुविधा केवल उन उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध होगी जिन्होंने मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी की होगी।

पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी । यदि किसी विषय में मूल्यांकन के बाद छह या अधिक अंकों का ऊपरि संशोधन होता है, तो अंक विवरण संशोधित अंक दर्शाए जाएंगे, यदि 1-5 अंकों के बीच वृद्धि होती है तब उस पर विचार नहीं किया जाएगा । तथापि, यदि संशोधन नीचे की ओर होता है तब उस पर विचार किया जाएगा और संशोधित अंक विवरण उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य विस्तृत रूपरेखा परिणामों की घोषणा से पहले बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी ।

- **संस्तंभी (स्पैस्टिक), दृष्टि क्षीणता, शारीरिक रूप से विकलांग, ऑटिस्टिक, डिस्लेक्सिक और पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज एक्ट-1995 में परिभाषित अनुसार निशक्तता वाले अभ्यर्थियों को छूट दी गई है :-**

1. मिडिल स्कूल स्तर (अर्थात कक्षा VIII) तक तीसरी भाषा अध्ययन करने में छूट;
2. माध्यमिक विद्यालय स्तर पर एक अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित वैकल्पिकों में से कोई चार विषय एवं एक भाषा चुनने का विकल्प है-
   गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अन्य भाषा, संगीत, पेंटिंग, गृह विज्ञान, आरंभिक सूचना प्रौद्योगिकी, **वाणिज्य (वाणिज्य के तत्व) और वाणिज्य (बही खाता और लेखा विधि के तत्व)**
3. लेखन लिपिक (एमैन्युएन्सिस) के प्रयोग की अनुमति;
4. अभ्यर्थी जिस कक्षा की परीक्षा देगा लिपिक उससे एक कक्षा कम का छात्र होना चाहिए है।
5. परीक्षा केन्द्र के केन्द्र अधीक्षक एक उपयुक्त लेखन लिपिक का चयन करते हैं और विचार एवं अनुमोदन के लिए संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उसका विवरण भेजते हैं।
6. उपर्युक्त उल्लिखित श्रेणी के अभ्यर्थियों को लेखन लिपिक की सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।
7. लेखन लिपिक को बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा, वर्तमान में रु0 100/- प्रतिदिन है।
8. अभ्यर्थी को सभी अथवा किसी भी पेपर के लिए लेखन लिपिक सेवाओं का प्रयोग करने की अनुमति दी जा सकती है।
9. अभ्यर्थी को स्वयं आरेख आदि बनाने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे इच्छा प्रकट करते हैं।
10. नए नियमों के अनुसार कक्षा X और XII परीक्षा के लिए बैठने वाले विशेष श्रेणी के छात्रों को नीचे दिए अनुसार अतिरिक्त समय दिया जाएगा:

(i) 3 घंटे की अवधि के पेपर के लिए 60 मिनट
(ii) 2½ घंटे की अवधि के पेपर के लिए 50 मिनट
(iii) 2 घंटे की अवधि के पेपर के लिए 40 मिनट
(iv) 1½ घंटे की अवधि के पेपर के लिए 30 मिनट

11. केन्द्र अधीक्षक जहां तक संभव हो, विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए भूतल पर बैठने की व्यवस्था करेंगे।
12. दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को कक्षा X के लिए इंगलिश कम्युनिकेटिव और सामाजिक विज्ञान में और कक्षा XII के लिए इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र में दृश्य आगत (इनपुट) वाले प्रश्नों के बदले वैकल्पिक प्रकार के प्रश्न उपलब्ध कराए जाते हैं।
13. पिछले वर्ष कि तरह 2014 परीक्षा के लिए भी, दृष्टि क्षीणता वाले अभ्यर्थियों के लिए कक्षा XII के भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित में अलग प्रश्न पत्र बिना दृश्य आगत वाले उपलब्ध कराए जाएंगे ।
15. दृष्टिहीन अभ्यर्थियों के लिए कक्षा X हेतु गणित और विज्ञान के प्रश्न पत्र ब्रैल में है।
15. दृष्टि क्षीणता वाले अभ्यर्थियों के लिए कक्षा X में गणित और विज्ञान में वर्द्धित प्रिंट में अलग प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।
16. केन्द्र अधीक्षकों को विशेष श्रेणी के छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं अलग लिफाफे में संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी को भेजने के निर्देश दिए जाते हैं।
17. विशेष छात्रों के लिए आसान पहुंच हेतु कुछ चयनित विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है।
18. विशेष परीक्षा केन्द्रों पर अंध विद्यालयों से शिक्षकों को सहायक अधीक्षक (निरीक्षक) के रूप में नियुक्त किया जाता है। तथापि अलग-अलग दिनों को अलग-अलग विषय के शिक्षकों को नियुक्त करने की सावधानी बरती जाती है।
19. उत्तर पुस्तिका के शीर्षक पृष्ठ पर विशेष अभ्यर्थी की श्रेणी का उल्लेख करने के लिए एक अलग कॉलम दिया गया है ताकि इन उत्तर पुस्तिकाओं को अलग से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को भेजने के लिए अलग किया जा सके।
20. इन अभ्यर्थियों के लिए स्वयं गणना करना अनिवार्य नहीं है।

➢ **<u>नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत का पुनर्निर्धारण</u>**

सीबीएसई परीक्षाएं अप्रेल के मध्य तक चलेंगी और मूल्यांकन अप्रेल के अंत तक जारी रहेगा। सीबीएसई, सूचारू और निर्बाध परीक्षा आयोजित करने, उत्तर पुस्तिकाओं का अंकन सावधानी पूर्वक कराने और समय पर परिणाम घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालयों से कक्षा नोवीं और ग्यारहवीं के लिए शैक्षणिक सत्र 15 अप्रेल से पुनर्निर्धारण करने का अनुरोध किया

गया है ताकि विद्यालय के संचालन में बिना व्यवधान के मूल्यांकन कार्य के लिए पीजीटी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहें ।

**अध्यक्ष श्री विनीत जोशी और परीक्षक नियन्त्रक श्री एम.सी. शर्मा आने वाली परीक्षा में सफलता के लिए सभी अभ्यर्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हैं।**

**जनसंपर्क अधिकारी**
**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**